डॉ० समीर कुमार सिंह, माननीय स०वि०प० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–1/212/721 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, Water Resources Department विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :	
(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत हवेली खड़गपुर के तेलिया डीह में लालकुंड जलाशय स्थित है;	वस्तुस्थिति यह है कि :– • प्रश्नगत मामले में वर्णित लालकुंड जलाशय वास्तविकता में मुंगेर जिलांतर्गत हवेली खड़गपुर प्रखंड के तेलिया डीह पंचायत में अवस्थित जालकुंड जलाशय है, जिससे मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड के 1000 हे० क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। • वर्तमान में जलवायु परिवर्तन एवं अनियमित वर्षापात के कारण बिहार में अवस्थित जलाशयों में रूपांकित जल संचयन क्षमता के अनुरूप जल भंडारण नहीं हो पाता है। • अतः मुंगेर जिलांतर्गत जमालपुर प्रखंड के परहम ग्राम तथा बरियारपुर प्रखंड के घोरघट ग्राम के पास गंगा नदी के अतिरेक जल को मॉनसून अवधि में पाईप लाईन के माध्यम से मुंगेर जिलांतर्गत जालकुण्ड जलाशय, लखीसराय जिलांतर्गत मोरवे एवं बासकुण्ड जलाशय तथा जमुई जिलांतर्गत आंजन, अपर किउल (गरही) एवं आमृति–श्रीखंडी जलाशय में अंतरण किये जाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। • दिनांक 29.09.2025 को केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली द्वारा इस योजना के पी०पी०आर० पर सैद्धांतिक सहमति दी गयी है। वर्तमान में योजना का विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। • इस योजना के कार्यान्वयन के पश्चात् लखीसराय, जमुई, मुंगेर एवं नवादा जिला के 35,680 हे० कमांड क्षेत्र में शत–प्रतिशत सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी।
(ख) क्या यह सही है कि विभाग ने लालकुंड जलाशय में गंगावा वाले स्थान का सर्वे कराया है;	
(ग) क्या यह सही है कि गंगा का पानी लालकुंड जलाशय में स्थानांतरण करने से मुंगेर जिला के बहुत बड़े भू–भाग में कृषि कार्य के लिए पानी की प्रचुर मात्रा किसानों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी जिससे पटवन में सहूलियत होगी;	
(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गंगा का पानी लालकुंड जलाशय में स्थानांतरण कर किसानों के हित में कार्य करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नही तो क्यों ?	

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–04–01 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध),, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1 / 212 / 721 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–04–01 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–04–01 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–04–01 / 2026 1129 पटना / दिनांक :..23/2/26..........

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/2/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव